कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बरेली
(प्रशासकीय अनुभाग)

विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या 13858/एडमिन (डी) सेक्शन दिनॉकित 01.11.2022 के अनुपालन में उक्त पत्र के साथ संलग्न परिपत्र संख्या 14/एडमिन 'डी' सेक्शन दिनॉकित 15.10.2022 के आलोक में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के अधीनस्थ जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण से नीचे दी गयी तालिका में वर्णित रिक्त पदों पर जनपद न्यायालय, बरेली में पुनर्नियुक्ति हेतु निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. जनपद न्यायालय से सेवानिवृत्त ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो।
2. पुनर्नियुक्ति एक वर्ष की अवधि तक के लिये की जायेगी या जब तक यह पद पदोन्नति या सीधी भर्ती के माध्यम से न भर जायें, जिस पर पुनर्नियुक्ति की गयी है या पुनर्नियुक्त व्यक्ति द्वारा 65 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली गयी हो, जो भी पहले हो।
3. इन पदों पर वेतन के रूप में भुगतान की जाने वाली धनराशि आवेदक द्वारा अन्तिम आहरित वेतन में से पेन्शन की धनराशि घटाकर देय होगी।
4. पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदक के पिछले पॉच वर्षों के सेवा अभिलेखों एवं ए.सी.आर. के आधार पर विचार किया जायेगा।
5. पुनर्नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकती है।

जनपद न्यायालय, बरेली में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों का विवरण निम्नवत है:

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्तियों की संख्या
1.	तृतीय श्रेणी कर्मचारी	59
2.	आशुलिपिक	12
3.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	26

उक्त पदों पर पुनर्नियुक्ति हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति दिये गये प्रारूप पर उल्लिखित शर्तों के अधीन **दिनॉक 22.01.2025** तक प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, बरेली में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदन पत्र का प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, बरेली से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।

विज्ञप्ति की एक प्रति जनपद न्यायालय, बरेली के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये तथा नोडल ऑफीसर (कम्प्यूटर) को इस आशय से प्रेषित की जाये कि वह उक्त विज्ञप्ति जनपद न्यायालय, बरेली एवं माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की बेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

विज्ञप्ति की एक प्रति मय प्रारूप जिला सूचना अधिकारी, बरेली को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित की जाये।

7-1-25

जनपद न्यायाधीश
बरेली।

पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

नवीनतम पासपोर्ट साइज स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करें

1. आवेदक का नाम ....

2. पिता का नाम.....................................

3. पद का नाम (जिस पद पर आवेदन करना चाहते हैं) ....

4. स्थायी पता......................................

5. वर्तमान पता............................

6. मोबाइल नम्बर...................

7. शैक्षिक योग्यता ....
(प्रमाण पत्र संलग्न करें

8. जन्मतिथि.....................................
(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

9. जनपद न्यायालय का नाम जहॉ से सेवानिवृत्त हुये हैं........

10. सेवानिवृत्ति की तिथि.................

11. अन्तिम धारित पदनाम (जिस पद से सेवानिवृत्त हुये हैं)......................

12. अन्तिम आहरित वेतन...........................
(अन्तिम वेतन प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

13. आहरित पेन्शन.........................
(आहरित पेन्शन भुगतान आदेश की छायाप्रति संलग्न करें।)

14. पिछले पॉच वर्षों के अभिलेखों के आधार पर प्रमाण पत्र एवं ए0सी0आर0 की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करें।

15. क्या आवेदक के विरुद्ध कोई आपराधिक मुकदमा लम्बित हैं, यदि 'हॉ' तो उसका पूर्ण विवरण दें।

16. इस आशय की अण्डर टेकिंग प्रस्तुत करें कि वह स्वस्थ हैं तथा आवेदित पद पर कार्य करने में सक्षम हैं।

घोषणा

एतद्द्वारा मैं......................... पुत्र/पुत्री........................... प्रमाणित करता हूँ कि आवेदन पत्र में दी गयी सूचना मेरे निजी ज्ञान में सही है, कोई तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि भविष्य में मेरे द्वारा प्रदत्त कोई भी सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरी पुनर्नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना/नोटिस के निरस्त कर दी जाये, मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

आवेदक का पूरा नाम.................
हस्ताक्षर................